हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 28 मई 2025

11 हे सूर्यपुत्र, हे शनिदेव हम आए द्वार तिहारे...

12 83 साल पुराने रेलवे स्टेशन पर केवल 2 सीसीटीवी...






## खबर संक्षेप

### बिजली निगम की बिलिंग से संबंधित सुनवाई आज

**महेंद्रगढ़।** बिजली निगम कार्यालय में 28 मई को कार्यकारी अभियंता आफिस में 50 हजार रुपये तक के बिलिंग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। यह सुनवाई चेयरमैन कम डिविजनल फोरम कार्यकारी अभियंता के द्वारा की जाएगी, किसी भी आमजन द्वारा यह अपील कार्यालय आफिस में एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी लगाकर यह अपील कर सकता है तथा अपने बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

### मिड डे मील वर्कर की बैठक कल

**नारनौल।** मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी की खण्ड प्रधान माया देवी ने बताया कि ब्लॉक की मिड डे मील कुक कम हेल्पर्स की बैठक 29 मई को प्रातः नौ बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में होगी। जिसे एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह सम्बोधित करेंगे। बैठक में मिड डे मील कार्यकर्ताओं की पानीपत में पांच जून को होने वाली प्रदेश स्तरीय रैली की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।

### घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव में घर के बाहर गली में खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। खैरानी निवासी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि उसकी मोटरसाइकिल का मालिक उसका भाई है। उसकी मोटरसाइकिल गत 24 मई को दोपहर 12 से तीन बजे तक उनके घर के नजदीक गली में खड़ी की हुई थी। उसकी मोटरसाइकिल को कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गया।

### मारपीट कर पैसे मांगने वालों पर केस दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र में बीच रास्ता रोककर मारपीट कर जान से मारने की धमकी व पांच लाख रुपये मांगने वाले तीन नामजद और तीन अन्य पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। ताजपुर निवासी यादराम शर्मा ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि गत 22 मई को करीब सात बजे वह उसके भाई वेदप्रकाश के साथ उसकी मोटरसाइकिल से अटेली से उनके घर गांव ताजपुर जा रहे थे।

### कल एकजुटता का प्रतीक बनने जा रहा क्रिकेट

**नारनौल।** न्याय पालिका व अधिवक्ताओं के बीच सौहार्द व एकजुटता का प्रतीक बनने जा रहा है एक अनोखा क्रिकेट मैच। आगामी 29 मई को शाम छह बजे जिला बार एसोसिएशन तथा न्यायिक अधिकारीगण के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मुकाबले का आयोजन होगा। यह मुकाबला नीरपुर राजपूत अटेली में खेला जाएगा।

## आरटीआई से एसडीएम की जांच रिपोर्ट लेकर सरपंच को सस्पेंड करने की मांग, डीसी से मिला शिकायतकर्ता पक्ष

# पंचायती जमीन चढ़ा दी परिजनों के नाम! एसडीएम जांच में आरोप मिले सही

शिकायतकर्ता ने जब आरटीआई से जांच रिपोर्ट ली तो सामने आया कि सरपंच ग्राम सचिव व बीडीपीओ दोषी पाए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर के नजदीक गांव अमरपुर जोरासी के सरपंच पर पंचायती भूमि ही अपने परिजनों के नाम चढ़वाने के आरोप लगे। इसकी शिकायत गांव में ही उनके दूसरे पक्ष ने दो साल पहले जिला प्रशासन को की। एसडीएम ने मामले की जांच की। शिकायतकर्ता ने जब आरटीआई से जांच रिपोर्ट ली तो सामने आया कि एसडीएम ने सरपंच, ग्राम सचिव व बीडीपीओ दोषी पाए गए। इसी एसडीएम की जांच रिपोर्ट के आधार पर शिकायतकर्ता पक्ष मंगलवार उपायुक्त से मिला और सरपंच को सस्पेंड करने की मांग की है।

### जांच में सरपंच सहित अन्य अधिकारी दोषी, कार्रवाई की सिफारिश

*शिकायतकर्ता की ओर से इस मामले की जांच रिपोर्ट आरटीआई से ली गई। इसके बाद मंगलवार को शिकायतकर्ता उपायुक्त से मिले और जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की मांग की। आरटीआई से ली गई इस रिपोर्ट पर नारनौल एसडीएम ने 13 मई 2025 की तारीख में हस्ताक्षर किए हुए है। इस रिपोर्ट में बताया है कि प्रस्तुत बयानों व दस्तावेजों का अवलोकन करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत अमरपुर जोरासी की लाल डोरा स्वामित्व स्कीम के तहत ड्रोन द्वारा नक्शा मौका बनाया गया था और सर्वे ऑफ इंडिया चंडीगढ़ की हिदायतों के अनुसार जिन व्यक्तियों का कब्जा था, उन कब्जाधारियों को मालिकाना हक देने के लिए प्रोपर्टी कार्ड जारी कर दिए गए थे और वितरित करने के लिए सरपंच को भेज दिए गए थे लेकिन आज तक वितरित नहीं किए गए है। इस बारे सरपंच से पूछे जाने पर सरपंच मौत रहा तथा ना ही उन्होंने तीसरी एट्रीब्यूट शीट को दुरूस्त करवाने हेतू (चौथी/रिवाइज एट्रीब्यूट शीट) या बनवाने हेतू गांव में किसी भी प्रकार की कोई मुनादी इत्यादि करवाई गई और ना ही इसका कोई वर्णन उसने अपने ब्यानों में किया है। जिससे यह प्रतीत होता है कि सरपंच ने अपने निजी स्वार्थ के लिए इस कार्य को अंजाम दिया है। सरपंच द्वारा यह भी कहा गया कि एलजीडी आईडी नंबर 622490008 में जो रकबा है, वह 1932 बीके के अनुसार सेवाराम वल्द सन्ता का है और उन्होंने सेवाराम वल्द संता के वारिसों के नाम दर्ज करवाने की सिफारिश भेजी है लेकिन 2831.995 सेक्यर मीटर का क्षेत्र मौके पर खाली भूमि है तथा 1932 वीके के अनुसार नंबर 649 गैर मुमकिन जोहड़ तथा नंबर 648 गैर मुमकीन नाला दर्शाया हुआ है जोकि आज भी खाली प्लेन जगह है जिस पर आज तक कोई कब्जा नहीं है। नियमानुसार गांव की खाली पड़ी जमीन को पंचायत के नाम दर्ज किए जाने की हिदायत जारी की गई थी। यदि उक्त नोटिफिकेशन/पत्र द्वारा जारी दिशा निर्देश अनुसार कोई भी कमी पाई जाती है तो गांव की पंचायत को होने वाले नुकसान के लिए संबंधित बीडीपीओ व ग्राम सचिव निजी तौर पर जिम्मेदार होंगे। एसडीएम की इस जांच रिपोर्ट के अंत में लिखा है कि सरपंच हरिराम के खिलाफ हरियाणा पंचायती राज एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने की सिफारिश की जाती है व इस प्रकरण में संलिप्त तत्कालीन ग्राम सचिव बिशन दयाल के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु सिफारिश की जाती है।*

### यह थी शिकायत

गांव अमरपुर जोरासी वासी बिजेंद्र कुमार ने उपायुक्त के नाम साल 2023 में शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता का कहना था कि गांव अमरपुर जोरासी के सरपंच, सचिव व बीडीपीओ नारनौल आपस में साजबाज होकर गांव की करोड़ा रुपये की पंचायती भूमि व अन्य लोगों की जमीन में अपने परिवार वालों के नाम चढ़ा दी गई है। लाल डोरा स्वामित्व स्कीम की तीसरी एट्रीब्यूट शीट जोकि दुरूस्त है और उसके प्रोपर्टी आईडी सरपंच के कब्जे में है। बदनियती रखते हुए पंचायती व लोगों की जमीन हड़पने की नियत से षडयंत्र रचते हुए दुरूस्तीकरन का बहाना लेते हुए चौथी एट्रीब्यूट शीट तैयार कर ली गई है और करोड़ों रुपये की जमीन अपने परिवार के नाम चढ़ा ली गई है। ऐसे में सरपंच हरिराम को सरपंच पद से बरखास्त किए जाने के आदेश पारित किए जाए व षडयंत्र में शामिल सभी अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### क्या कहते है सरपंच

जब हरिभूमि ने सरपंच हरिराम से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि पांच सात माह पहले एसडीएम ने बुलाया था। अपना पक्ष रख दिया था। एसडीएम ने हमसे कोई दस्तावेज नहीं लिए जबकि सभी दस्तावेज हमारे पास है। यह समझ से परे है कि सही कागजात होने के बावजूद भी एसडीएम ने रिपोर्ट इस तरह की क्यूं बना दी। अंदेशा है कि किसी दबाव में यह रिपोर्ट बनाई गई है। हमने तो सभी दस्तावेज उपायुक्त महोदय को दिए हुए है। जो कार्य एंपलीमेंट ही नहीं हुआ, उसकी जांच रिपोर्ट किस आधार पर हो गई, समझ से परे है। उन्होंने बताया कि वह एसडीएम जांच रिपोर्ट से बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं है। इस बारे में उपायुक्त से मांग की गई है कि यह जांच किसी उच्च अधिकारी से करवाई जाए। जिन्होंने शिकायत की है, उन सहित कुछ लोग है जो पंचायती जमीन पर कब्जा था। उसी बदले की भावना से यह हो रहा है। सरपंच ने बताया कि यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

## आईटीआई में आज लगेगा जॉब फेयर



**महेंद्रगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 28 मई को एक बड़ा जॉब फेयर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कई प्रमुख कंपनियां भाग ले रही हैं। प्राचार्य महाबीर सिंह ने बताया कि इस जॉब फेयर में आईटीआई के सभी टेक्निकल ट्रेड्स के पास शुदा और अगले महीने वार्षिक परीक्षा देने वाले ट्रेनीज का प्री-प्लेसमेंट के रूप में इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया जाएगा। इस जॉब फेयर में हीरो मोटोकार्प, श्रीराम पिस्टन, यूनो मिंडा, वीवीडीएन टेक्नोलॉजिज, सिगमा कॉरपोरेशन, सोना कॉमस्टार, ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज और टेक्निको इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियां भाग ले रही हैं। आईटीआई के सभी टेक्निकल ट्रेड्स के पास शुदा और अगले महीने वार्षिक परीक्षा देने वाले ट्रेनीज का प्री-प्लेसमेंट के रूप में इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया जाएगा। इस जॉब फेयर में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

## नांगल दर्गू के पोस्टमास्टर पर सुकन्या योजना में गबन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

गांव नांगल दर्गू डाकघर के पोस्टमास्टर पर सुकन्या समृद्धि योजना के पैसों का गबन करने के आरोप में निजामपुर पुलिस ने केस रजिस्टर्ड किया है। इसकी जांच भिवानी डिविजन के प्रवर अधीक्षक द्वारा की गई थी, जिसमें पोस्टमास्टर पर एक लाख 76 हजार रुपये गबन करना पाया गया। इस बारे में प्रवर अधीक्षक की ओर से निजामपुर थाना में पोस्टमास्टर के खिलाफ शिकायत दी गई है। शिकायत के बाद पोस्टमास्टर पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी मुताबिक भिवानी डिविजन के प्रवर अधीक्षक को शिकायत मिली थी कि वर्ष 2021-22 में सुकन्या समृद्धि योजना के खातों में से हेराफेरी कर नांगल दर्गू के पोस्टमास्टर सचिन ने पैसों का गबन कर लिया। इस बारे में उनको गुरुग्राम डिविजन आफिस से भी एक पत्र प्राप्त हुआ था, जिसमें बताया गया कि गांव बिगोपुर के रहने वाले ब्रांच पोस्टमास्टर सचिन ने सुकन्या समृद्धि योजना के खातों की राशि तो प्राप्त कर ली, लेकिन उसको सरकारी खजाने में जमा नहीं कराया। इसके तहत सुकन्या समृद्धि योजना के विभिन्न अकाउंट की जांच हुई, जिसमें पाया कि नव्या कुमारी के खाते से छह हजार, डिंपल शर्मा के खाते से आठ हजार, लक्ष्मी के खाते से 12 हजार, गूंजन के खाते से 19 हजार, वैष्णवी के खाते से 20 हजार, मनीषा के खाते से पांच हजार, कोमल के खाते से आठ हजार, दीपिका के खाते से चार हजार, अंजली के खाते से 18 हजार, निशा के खाते से 13 हजार, सन्ना खान के खाते से चार हजार रुपये यानि कुल मिलाकर लगभग एक लाख 17 हजार रुपये का फ्रॉड कर लिया।

### बिना पैसे जमा कराए ही कॉपियों में लगा दी मुहर

जांच में उजागर हुआ कि पोस्टमास्टर ने डाकघर के खातों में बिना पैसे जमा कराए ही कापियों में एंट्री कर डाकघर की मोहर लगा दी। वहीं उनको जमा पर्ची भी दे दी गई, मगर जब खाताधारकों ने अपने खातों को चेक किया तो उनमें जमा कराई हुई रकम नहीं मिली। इससे सुकन्या समृद्धि योजना के खाता धारकों को नुकसान का पता चला। इसकी शिकायत उन्होंने गुरुग्राम डिविजन में की, मगर अब जिला महेंद्रगढ़ के डाकघरों को भिवानी डिविजन में शामिल कर लिया गया। भिवानी डिविजन के अधिकारियों ने जांच कर पुलिस को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए लिखा है।

### पैसे लौटा दिए

दूसरी ओर गबन की शिकायत होने के बाद आरोपित सभी खाताधारकों को उनके पैसे वापस लौटा दिए, लेकिन इस मामले में आरोपी सस्पेंड चल रहा है। इतना ही नहीं, पुलिस ने शिकायत मिलने उपरांत आरोपित के खिलाफ सोमवार को निजामपुर पुलिस ने गबन की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## रोडवेज में जीएम का पद रिक्त होने से परेशानी, डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

रोडवेज डिपो प्रधान हंसराज यादव के नेतृत्व में उपायुक्त नारनौल के नाम एक ज्ञापन दिया गया तथा जीएम का पद रिक्त होने से रोडवेज कर्मचारियों को आ रही परेशानियों के समाधान की उनसे मांग की।

डिपो प्रधान सुरेश कुमार, पूर्व उपप्रधान कुलदीप पटीकरा, प्रेस प्रक्ता जितेन्द्र, महासचिव मनोज कुमार, संगठन सचिव विरेन्द्र सिंह व चालक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि महाप्रबंधक अनित कुमार का तबादला गत छह मई को सिरसा डिपो में हो गया था। उसके बाद से नारनौल डिपो में किसी भी महाप्रबंधक ने कार्यभार नहीं संभाला है। यहां पर महाप्रबंधक न होने से एचकेआरएन के तहत लगे कर्मचारियों को दो माह से कोई वेतन नहीं मिला है। ऐसे में कर्मचारियों का गुजारा नहीं हो रहा। इसके साथ सभी कर्मचारियों का मई 2025 का वेतन भी समय पर नहीं मिल पाएगा। महाप्रबंधक नहीं होने के कारण समय पर बसों के डीजल व फास्टटैग आदि के बिल भी पास नहीं हो पा रहे हैं।




नारनौल। डीसी डा. विवेक भारती को ज्ञापन देते रोडवेज कर्मचारी। फोटोः हरिभूमि

कर्मचारियों का ज्ञापन लेने उपरांत उपायुक्त डा. विवेक भारती ने कहा कि जल्द ही समाधान होगा। इस मौके पर हैड कैशियर संदीप, ड्यूटी क्लर्क योगेश कुमार, खजांची भगत सिंह, रजनीश कुमार, जसराज, चालक मंजीत, राजपाल, भूपेन्द्र, संगठन सचिव, कृष्ण कुमार, रामवीर, संतलाल शर्मा व सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत फौजी के मकान से जेवरात व नकदी की चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव रिवासा में एक सेवानिवृत फौजी के मकान में रात के समय चोर घुस गए। चोर सोने-चांदी के जेवरात सहित हजारों का कैश ले गए। खिड़की की ग्रिल तोड़कर चोर अंदर घुसे। पीड़ति ने पुलिस थाने में शिकायत देकर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी बरामद करने की मांग की हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रिवासा निवासी सत्यवीर ने पुलिस को दी में उसने बताया कि वह फौज से रिटायर्ड है। 25 मई को वह अपने मकान को अच्छी तरह से खिड़की, दरवाजे बंद करके अपनी पत्नी के साथ आंगन में सो गए थे। उसकी पुत्रवधू संगीता अपने बच्चों को लेकर चौबारे में जाकर सो गई थी। जब वह सुबह करीब पांच बजे उठकर आई। तब कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ था। उसने इस बारे में हमें बताया। जब हम कमरे में रखे लोहे के संदूकों और अलमारी को देखा तब हमें पता चला कि उसमें रखी हुई सोने की दो चैन, एक मंगलसूत्र सोने का, एक जोड़ी झुमकी सोने की, एक जोड़ी टॉप्स सोने का, दो अंगूठी सोने की, चांदी के सात जोड़ी पाजेब और 20 हजार कैश चोर चोरी कर ले गए।

## क्षेत्र में घटित अलग-अलग घटनाओं में दो विवाहिताओं की जान गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

क्षेत्र में घटित अलग-अलग घटनाओं में दो विवाहिताओं की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के बयान पर आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत नागरिक अस्पताल से शवों का पोस्टमार्टम करवाकर उन्हें परिजनों को सौंप दिया। पहली घटना के अनुसार शहर के मेहता चौक के समीप रहने वाली करीब 23 वर्षीय एकता पत्नी विशाल शर्मा की बाथरूम में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी मुताबिक करीब 23 वर्षीय एकता की शादी दिसंबर 2022 में विशाल शर्मा के साथ हुई थी। उसे गत 11 मई को एक लड़का पैदा हुआ। यह बच्चा सिजेरियन हुआ था। गत दिवस एकता अपने मेहता चौक स्थित निवास पर थी और प्रातः करीब साढ़े 11 बजे दाई द्वारा बच्चे को नहलाने उपरांत वह खुद भी कपड़े बदलने के लिए बाथरूम के अंदर गई थी। बाथरूम अंदर से बंद था और वह अचानक वहां पर गिर पड़ी। गिरने की आवाज सुनाई देने पर उन्होंने मिस्त्री बुलाकर दरवाजा खुलवाया। जब दरवाजा खोला, तब एकता फर्श पर पड़ी थी और वह बेहोश अवस्था में थी, जिसके उपरांत एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वह बच न सकी। एकता के ससुर उमेश शर्मा ने बताया कि सबकुछ ठीकठाक था और परिवार में नए बच्चे के जन्म लेने पर सब खुश थे। हालांकि कुछ रोज पहले एकता को बीपी लो होने की दिक्कत हुई थी, जिस पर चिकित्सकों को दिखाया गया, लेकिन अब अचानक यह हादसा हो गया। सूचना उपरांत पुलिस अस्पताल पहुंची तथा परिजनों के बयान दर्ज किए। इसके उपरांत शव का चिकित्सकों से पोस्टमार्टम कराया गया।

### हाजीपुर में विवाहिता ने लगाया फंदा

दूसरी घटना के अनुसार गांव हाजीपुर में करीब 40 वर्षीय विवाहिता ममता यादव पत्नी रविंद्र ने अज्ञात कारणों से मंगलवार दोपहर को अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका का पति रविंद्र कोर्ट में क्लर्क लगा हुआ है तथा वह अपने पीछे एक 11 साल एवं दूसरा नौ साल के दो लड़के छोड़ गई है। परिजनों को जैसे ही ममता के फांसी लगाने की जानकारी हुई, इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल नारनौल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया।

## पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में उप वन राजिक प्रभारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

जिले के उप वन राजिक प्रभारी चंद्रगुप्त को हरे पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में भारतीय वन सेवा के अधिकारी नवदीप सिंह द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। निलंबन की अवधि के दौरान चंद्रगुप्त को फरीदाबाद मुख्यालय में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई की नींव गुप्तचर विभाग की रिपोर्ट और प्राथमिक जांच पर आधारित है, जिसे सीएम फ्लाइंग स्क्वाड रेवाड़ी द्वारा अंजाम दिया गया। जांच के बाद रिपोर्ट पंचकूला स्थित मुख्यालय को भेजी गई।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस पूरे मामले में वन विभाग के तीन से चार कर्मचारी संलिप्त होने के आरोप हैं। इनमें राजेश वन रक्षक, सुरेश चंद वन दरोगा और उप वन राजिक प्रभारी चंद्रगुप्त के नाम प्रमुख हैं। इस मामले में आरोपी राजेश पहले ही निलंबित हो चुके हैं, जबकि सुरेश चंद सेवानिवृत्त हो चुके हैं और उनकी चार्जशीट मुख्यालय भेजी जा चुकी है। जासावास के ग्रामीणों ने चार नवंबर 2023 को मुख्यमंत्री, वन एवं पर्यावरण मंत्री सहित अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई थी कि प्रदेश सरकार की ओर से पुराने पेड़ों के संरक्षण के लिए पेंशन स्कीम लागू की गई है, ताकि अधिक से अधिक पेड़ों को बचाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सके। वहीं दूसरी ओर गांव बेरी व जासावास ग्राम पंचायत की जो भूमि पेड़ों के संरक्षण व नए पौधे लगाने के लिए वन विभाग को दी गई थी, उसका पूर्ण संरक्षण एवं देखरेख विभाग द्वारा की जाती है। कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से करीब 20 दिनों में दोनों गांवों में 200 से अधिक हरे और सूखे पेड़ बिना विभागीय अनुमति के काट दिए गए। ग्रामीणों ने बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई करने वाले अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की थी।

### शहर में बंदरों का आतंक, नप प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

**नारनौल।** शहर में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बंदर अनेक बार लोगों को काटकर घायल भी कर चुके है, लेकिन इसके बावजूद नगर परिषद प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं राव बंशीसिंह पार्क में बंदरों ने आतंक मचाया हुआ है। यहां पर मोर्निंग वॉक करने वाले लोगों व बच्चों पर बंदर अनेक बार हमला कर चुके है। इसे बारे में शहर के लोग ने अनेक बार शिकायत भी कर चुके है, लेकिन इसके बाद भी नप प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। नप के पूर्व चेयरमैन किशन चौधरी ने बताया कि राव बंशीसिंह पार्क में बंदरों के आंतक से परेशान लोग बहुत ही भयभीत है। उन्होंने 29 अप्रैल को नगर परिषद चेयरमैन कमलेश सैनी व ईओ को अवगत कराया, लेकिन उन्होंने कोई भी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि काफी बार फोन किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं करते है। उन्होंने बंदर पकड़ने वाले का भी पता दिया था, लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। किशन चौधरी ने बताया कि बंदरों के आंतक से बचने के लिए उन्होंने 16 मई सीएम विंडो में भी शिकायत दी थी, लेकिन वहां से भी कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। किशन चौधरी ने बताया कि मंगलवार सुबह पार्क में बड़े बुजुर्ग व बच्चे व्यायाम करने के लिए पार्क में टहलने के लिए आते हैं।

## शिक्षा विभाग ने जिले के गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की लिस्ट में केवल प्ले स्कूलों को किया शामिलः प्रधान

# प्ले स्कूल एसोसिएशन का आरोप...प्राइवेट विद्यालयों के दबाव में शिक्षा विभाग बना रहा टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

प्ले स्कूल एसोसिएशन के जिला प्रधान विपिन सैनी ने कहा कि प्राइवेट विद्यालयों के दबाव में शिक्षा विभाग प्ले स्कूलों को टारगेट बना रहा है। इसी के चलते शिक्षा विभाग ने जिले के गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की लिस्ट में केवल प्ले स्कूलों को शामिल किया है, जबकि यह गलत है। जिन प्ले स्कूलों को लिस्ट में शामिल किया गया है, वे प्ले स्कूल लगातार कई साल से मान्यता ले रहे हैं तथा इस बार भी रिन्यू के लिए फाइलें लगी हुई हैं।

पत्रकारवार्ता में प्ले स्कूल एसोसिएशन के जिला प्रधान ने कहा कि प्ले स्कूल शिक्षा विभाग के अंडर नहीं आते। प्ले स्कूल महिला एवं बाल विकास विभाग के अंडर आते हैं तथा जिले के लगभग सभी प्ले स्कूल लगातार कई सालों से महिला एवं बाल विकास विभाग से मान्यता ले रहे हैं, लेकिन इस बार प्राइवेट बड़े स्कूलों ने शिक्षा विभाग पर अनुचित दबाव बनाकर प्ले स्कूलों की विजिट संबंधित बीईओ कार्यालय या सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कलस्टर हैड से करवा दी। उनको सभी प्ले स्कूलों ने अपने दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए बताया कि उनके पास महिला एवं बाल विकास विभाग से मान्यता है तथा इस बार की मान्यता को रिन्यू करवाने के लिए मार्च माह में ही उन्होंने फाइलें लगा दी थी। जिस पर महिला एवं बाल विकास विभाग कार्य कर रही है।



नारनौल। प्रेसवार्ता को संबोधित करते एसोसिएशन कोर कमेटी सदस्य। फोटोः हरिभूमि

### हर साल होता है इंस्पेक्शन

प्रधान विपिन कुमार कहा कि प्ले स्कूलों का हर साल महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम की ओर से द्वारा इंस्पेक्शन किया जाता है। उनकी ओर से बताए गए सभी डॉक्यूमेंट लगाए जाते हैं। फिर उनकी मान्यता को रिन्यू किया जाता है। फिर इसमें शिक्षा विभाग बीच में दखलअंदाजी क्यों कर रहा है।

### जानबूझकर शिक्षा अधिकारी पर बना रहे दबाव

उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूल संचालक प्ले स्कूलों में बढ़ती बच्चों की संख्या से घबराए हुए हैं। यही कारण है कि वे जानबूझकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बरगलाकर उनसे प्ले स्कूलों का निरीक्षण करवा रहे हैं, ताकि ये प्ले स्कूल बंद हो जाएं। यह वैसा ही है, जैसे बड़ी मछली छोटी मछली खाने वाला।

### सस्ती दे रहे शिक्षा, बेरोजगारों को नौकरी

*प्रधान कहा कि बड़े प्राइवेट स्कूल अभिभावकों की जेब पर डाका डालते हैं, जबकि प्ले स्कूल बच्चों को सस्ती शिक्षा देते हैं। वहीं अनेक बेरोजगार महिलाओं को प्ले स्कूलों की ओर से नौकरी भी दी जा रही है, वे कोई अपराध नहीं कर रहे है। इस प्रेसवार्ता में एसोसिएशन उपप्रधान भगतसिंह सैनी, कोषाध्यक्ष अंजू शर्मा, सैफाली गुप्ता, गुलशन सैनी, भारत सैनी, दीपक वर्मा व आनंद यादव अटेली मौजूद थे।*



# 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर रिलीज कॉमेडी का मिला फुल डोज...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक हाउसफुल एक बार फिर से दर्शकों को हंसी का फुल डोज देने के लिए तैयार है। 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर अब सामने आ चुका है और इसे देखकर फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म में एक बार फिर से अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार है। साथ ही इस बार कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए कई नए चेहरे भी नजर आने वाले हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख से लेकर संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा नजर आ रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं तरुण मनसुखानी।

## लाइफ Style



# नोरा

## अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड में बिखेरा जलवा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2025 के 51वें संस्करण का आयोजन बीते दिन सोमवार को लास वेगास में हुआ। हालांकि, भारत में इसका प्रसारण मंगलवार की सुबह हुआ। इस समारोह में दुनिया भर के दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। इसी कणी में भारतीय अभिनेत्री नोरा फतेही ने भी शानदार प्रस्तुति दी, जिस कारण वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान एक्ट्रेस ने अपनी ओर खींच लिया।

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में शामिल हुईं, जिसे अमेरिकन सिंगर जेनिफर लोपेज द्वारा आयोजित किया गया है। एक्ट्रेस ब्लैक कलर की वन पीस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं, जिस पर शीशे और मोतियों से भी वर्क हुआ है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्के मेकअप के साथ शानदार अंदाज में पोज देकर तस्वीरें क्लिक करा रही हैं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अपने नवीनतम सिंगल म्यूजिक 'स्नेक' की सफलता के बाद से ऊंचाइयों को छू रही हैं, क्योंकि इसे काफी पंसद किया जा रहा है। इस संगीत में अभिनेत्री के साथ अमेरिकन गायक और डांसर जेसन डेरुलो भी शामिल हैं। दोनों के द्वारा तैयार किया गया यह ट्रैक 'स्नेक' न केवल बीबीसी एशियन म्यूजिक चार्ट में शीर्ष पर रहा, बल्कि 130 मिलियन से अधिक बार देखा गया। इस उपलब्धि ने दुनियाभर में अभिनेत्री के प्रशंसकों और भारतीय संगीत प्रेमियों को खुश कर दिया है। नोरा फतेही के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'द रायल्स' सीरीज में देखा गया था। इसके अलावा वह अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म 'बी हैप्पी' में भी नजर आईं थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# पुरुष-महिला डांसर्स को किया किस

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2025 में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। दरअसल, एक्टर-सिंगर जेनिफर लोपेज अवॉर्ड समारोह की ओपेनिंग सेरेमनी में परफॉर्मेंस दे रही थीं। तभी जेनिफर ने कुछ ऐसा किया कि वहां बैठे लोग हैरान रह गए। जेनिफर लोपेज ने अपन परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर ही अपने साथ डांस करने वाले तीन बैकस्टेज डांसर्स को किस कर लिया। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे। जेनिफर ने अवार्ड शो की शुरुआत डांस मेडली से की, जिसमें उनके कई बैकअप डांसर्स के साथ एक धमाकेदार किस-ऑफ भी शामिल था।




# जस्टिन बीबर लाइव शो में हुए बेकाबू ...

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक आइकॉन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने लॉस एंजिल्स के सोफी स्टेडियम में सोलाना इमानी रोवे और केंड्रिक लैमर के 'ग्रैंड नेशनल टूर' कॉन्सर्ट में सरप्राइज अपीयरेंस से दर्शकों को हैरान कर दिया। उन्होंने स्टेज पर सोलाना इमानी रोवे के साथ परफॉर्म किया। लेकिन, देखते ही देखते सिंगर ने उनके हाथों पर चूमना शुरू कर दिया। उनकी ये हरकत कई यूजर्स को पसंद नहीं आई। वो ये कह रहे हैं कि ये सब देखकर उनकी बीवी हैली बीबर के ऊपर क्या बीत रही होगी! जस्टिन बीबर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और एक बार फिर सिंगर की मेंटल हेल्थ पर सवाल उठने लगे हैं। वो स्टेज पर गाना गाते-गाते कहीं खो से गए। फिर उन्होंने एसजेडए का हाथ चूम लिया। ये सबकुछ फैंस को अटपटा सा लग रहा है।



# लोगों से हजम नहीं हो रहा मेरा सम्मान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी ग्लैमरस मौजूदगी से खूब सुर्खियां बटोरीं। इसी बीच हाल ही में अभिनेत्री का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उर्वशी एक होटल की सीढ़ियों पर पोज देती नजर आईं। इसके बाद एक इन्फलुएंसर ने दावा किया गया कि उन्होंने फोटोशूट के लिए रास्ता जाम कर दिया था, जिससे दूसरे लोगों को परेशानी हुई। इन आरोपों पर अब उर्वशी ने चुप्पी तोड़ ली है। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट शेयर कर सभी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने आगे लिखा कि कुछ लोग इस सच्चाई को पचा नहीं पा रहे कि एक भारतीय अभिनेत्री ग्लोबल लेवल पर इतनी सराहना पा रही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा कि उनका फोटोशूट पूरी तरह से नियमों के तहत हुआ था।



# बिग बी ने जीवन संघर्ष पर किया पोस्ट

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम के अलावा ब्लॉग भी लिखते हैं। नियमित रूप से इन प्लटेफॉर्म पर वे अपने निजी और पेशेवर जिंदगी से जुड़ी चीजें शेयर करते हैं। हालांकि, पिछले कुछ वक्त से वे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ब्लैंक पोस्ट कर रहे थे। मगर, अब यह सिलसिला तोड़ दिया है और पोस्ट के साथ कुछ विचार या अपडेट लिखते हैं। मंगलवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर अपने दिवंगत पिता व कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की एक लाइन लिखी। 'जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है'। ये लाइनें कवि हरिवंश राय बच्चन की लिखी हुई हैं। अमिताभ बच्चन का पोस्ट आते ही हमतरह नेटिजन्स के रिएक्शन आने लगे।

## टीवी मसाला



# कभी मिलते थे 50 रुपए, 'जेठालाल' कैसे बने करोड़ों के मालिक...

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे चहेते किरदारों में से एक 'जेठालाल'को कौन नहीं जानता। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी ने 26 मई को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। लेकिन, इस मुकाम तक पहुंचने की उनका सफर आसान नहीं रही। कभी 50 रुपए के लिए नाटकों में बैकस्टेज काम करने वाले दिलीप जोशी आज टीवी इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में से एक हैं। दिलीप जोशी का जन्म 26 मई 1968 को गुजरात के पोरबन्दर में हुआ। उन्होंने काफी समय तक थिएटर किया और उसके बाद वो एक्टिंग में आए। उनका एक्टिंग कॅरियर फिल्मों से शुरू हुआ था। उन्होंने सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' में रामू का किरदार निभाया था, जिसमें वो एक हाउस हेल्प के रोल में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने शाहरुख खान के साथ 'वन 2 का 4' में भी काम किया। फिल्म में उनका किरदार छोटा जरूर था, लेकिन दिल जीत लेने वाला था। इसके अलावा वो हम आपके हैं कौन, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, खिलाड़ी 420, दिल है तुम्हारा जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सफलता की इस चमक के पीछे एक लंबा संघर्ष छिपा है। एक इंटरव्यू में दिलीप जोशी ने खुलासा किया था कि एक्टिंग में कॅरियर बनाने से पहले वो लगभग एक साल तक बेरोजगार रहे। इस दौरान उन्होंने एक ट्रेवल एजेंसी में को-ओनर के रूप में काम किया था। करीब पांच साल तक उन्होंने वहां काम किया, लेकिन उनका दिल तो एक्टिंग में ही था। जब काम नहीं मिला तो वो किसी भी छोटे-मोटे रोल को करने के लिए तैयार रहते थे।

## कुश शाह ने क्यों छोड़ा 'तारक मेहता' शो

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है। इस दौरान कई सितारे इस शो से



बाहर हो चुके हैं। हाल ही में गोली का किरदार निभाने वाले कुश शाह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'को छोड़ने को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि उन्हें शूटिंग की आज भी बहुत याद आती है। कुश ने यह भी कहा कि शो छोड़ना उनके लिए जरूरी था ताकि वह कुछ अलग कर सकें। मुझे सेट्स पर रहना बहुत याद आता है, क्योंकि वही मेरा घर था। लेकिन, मुझे अपने लिए यह फैसला लेना पड़ा, क्योंकि अब मैं 27 साल का हो गया हूं और मुझे लगा कि अब कुछ करने का वक्त आ गया है। मुझे लगता है कि यह शो हमेशा चलता रहेगा, क्योंकि दर्शक इसे प्यार करना बंद नहीं करेंगे। कुश शाह ने कहा, 'मुझे तारक मेहता शो, वहां के लोग, सब बहुत पसंद हैं। मैं उस माहौल का सच में दीवाना था। हमने कोविड के दौरान भी शूटिंग की थी। हम दमन शिफ्ट हो गए थे और वहीं शूट किया था। ऐसा एक भी दिन नहीं गया, जब मैं सुबह उठा हूं और कहीं जाना नहीं पड़ा हो।



# दीपिका के फिल्म छोड़ने पर भड़के संदीप वांगा...

**मुंबई।** मशहूर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब तृप्ति डिमरी को बतौर लीड एक्ट्रेस शामिल किया गया है। लेकिन, दीपिका पादुकोण के फीस और काम के घंटों को लेकर फिल्म छोड़ने का विवाद अब गहराता जा रहा है। क्योंकि, अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर संदीप रेड्डी वांगा दीपिका पादुकोण के इस फैसले से नाखुश हैं। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट किया है, जिसे दीपिका पादुकोण से जोड़कर देखा जा रहा है। संदीप ने लिखा है, जब मैं किसी एक्टर को कहानी सुनाता हूं, तो मैं उस पर 100% भरोसा करता हूं। हमारे बीच एक अनकहा एनडीए (नॉन डिस्क्लोज एग्रीमेंट) होता है। लेकिन, ऐसा करके, आपने उस व्यक्ति को डिस्क्लोज कर दिया है, सामने ला दिया है, जो आप वास्तव में हैं। एक युवा एक्टर को नीचा दिखाना और मेरी कहानी को बाहर करना? क्या यही आपका फेमिनिस्म है? एक फिल्म निर्माता के रूप में मैंने अपने क्राफ्ट के पीछे सालों की कड़ी मेहनत की है। मेरे लिए फिल्म मेकिंग ही सब कुछ है।

# संजय दत्त की वो ब्लॉकबस्टर, जिसे साउथ ने 4 बार किया कॉपी-पेस्ट...

*नई दिल्ली। संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय और अनिल कपूर ने रिजेक्ट किया था।राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने संजय के करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। यूं तो संजय दत्त ने कॅरियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। मगर एक ब्लॉकबस्टर ऐसी है जिसे शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय से लेकर अनिल कपूर जैसे स्टार्स ने रिजेक्ट कर दिया था। मगर जब संजय दत्त ने वो फिल्म की, तो ये उनके कॅरियर के लिए जैकपॉट साबित हुई। साउथ में भी कई भाषाओं में इसके रीमेक बने और सब के सब हिट साबित हुए।*

**सुनील दत्त भी आए थे नजर :** ये है 'मुन्नाभाई एमबीबीएस'। जिसे राजकुमार हिरानी ने लिखा और डायरेक्ट भी किया। साल 2003 में आई इस फिल्म ने एक बार फिर संजय दत्त के कॅरियर की जड़े मजबूत कर दी। जिसमें उनके पिता सुनील दत्त भी नजर आए थे। इसके अलावा अरशद वारसी, रोहिणी और ग्रेसी सिंह भी फिल्म का हिस्सा थे।



**मिला था नेशनल अवॉर्ड :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को न सिर्फ समीक्षकों और फैंस ने पसंद किया, बल्कि साल 2004 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। ये शुरुआत में शाहरुख खान, आर माधवन, अनिल कपूर और विवेक ओबेरॉय के पास भी पहुंची थीं, लेकिन फिर उन्होंने रिजेक्ट कर दी थी।

**'लगे रहो मुन्ना भाई' भी सुपरहिट हुआ साबित :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का बजट 12 करोड़ रुपए था और इसने 33 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म इतनी हिट हुई कि 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्ना भाई' भी आया और वो भी सुपरहिट साबित हुआ। मुन्ना भाई 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को हॉलीवुड फिल्म 'पैच एडम्स' से प्रेरित बताया जाता है, जिसमें रॉबिन विलियम्स ने लीड रोल निभाया था।


**ये फिल्में हैं 'एमबीबीएस' का रीमेक :** अब आते हैं साउथ रीमेक पर, तो 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का तेलुगु में 2004 में बना 'शंकर दादा 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का रीमेक थी, जिसमें चिरंजीवी और सोनाली बेंद्रे थे। फिल्म सुपरहिट रही। उसी साल तमिल में बना 'वसूल राजा एमबीबीएस ', जिसमें कमल हासन लीड रोल में थे। ये भी हिट रही। 2007 में कन्नड़ में बनी 'उप्पी दादा एमबीबीएस, जिसमें उपेन्द्र थे, लेकिन फिल्म कुछ खास नहीं चली। 2017 में श्रीलंका में सिंहला भाषा में बनी 'डॉ. नवारियन', जिसमें रंजन रमणायके थे और ये फिल्म वहां भी हिट साबित हुई। इस तरह 'मुन्नाभाई एमबीबीएस ' का जहां-जहां रीमेक बना उनके लिए ये फिल्म किसी खजाना से कम नहीं रही।

## अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए किया गया सम्मानित

# सामंथा-शिल्पा से लेकर सारा तेंदुलकर तक, इवेंट में लगा सेलेब्स का जमावड़ा

*मुंबई। बीते सोमवार को एक अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस अवॉर्ड नाइट में बॉलीवुड की कई हस्तियां मौजूद रहीं। जिनमें शिल्पा शेट्टी, भूमि पेडनेकर, सामंथा रुथ प्रभु, अदिति राव अलाया एफ, टाइगर श्रॉफ, जायद खान और सारा तेंदुलकर भी मौजूद रहीं। इस अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए सम्मानित किया गया। अब इस अवॉर्ड नाइट से सेलेब्रिटीज के लुक्स काफी वायरल हो रहे हैं।*

### ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस में खूबसूरत लगीं शिल्पा



इस कार्यक्रम में शिल्पा शेट्टी ब्लैक एंड व्हाइ कलर की फैशनेबल ड्रेस में नडर आईं। शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी इस इवेंट से अपने लुक की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए।

### फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस में पहुंचीं सामंथा



साउथ से बॉलीवुड का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु भी इस अवॉर्ड नाइट में खूबसूरत लगीं। सामंथा ने एक स्लीक, फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस पहनी। जिसमें स्टाइलिश साइड कट-आउट हैं, जिसमें लेस-अप डिजाइन है जो बाजुओं के नीचे से हेम तक जाता है। उनके आउटफिट को ब्लैक और गोल्ड पॉइंटेड-टो हील्स के साथ पेयर किया गया है। उनके बालों में ढीले, चमकदार लहरें हैं। सामंथा ने कैमरे के सामने काफी पोज भी दिए।

### सारा तेंदुलकर भी आईं अवॉर्ड नाइट में नजर



इस अवॉर्ड नाइट में भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर भी पहुंची। ऑफ शोल्डर ब्लैक ड्रेस में सारा बेहद खूबसूरत नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपने बालों में एक बन बनाया हुआ था।

### स्टाइलिश ड्रेस में भूमि ने बिखेरा हॉटनेस का जलवा



हाल ही में वेब सीरीज 'द रॉयल्स' में अपनी हॉट अदाएं दिखाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर भी इस कार्यक्रम में शिरकत पहुंचीं। भूमि पेडनेकर ने बकाइन और क्रीम धारियों वाला एक फ्लोर-लेंथ गाउन में अवॉर्ड समारोह के रेड कार्पेट पर उतरीं। एक स्टाइलिश ओवरसाइज्ड ऑफ-व्हाइट केप-स्टाइल ड्रेप वाली ड्रेस में भूमि काफी खूबसूरत नजर आईं।

### खूबसूरत नजर आईं अदिति राव हैदरी

अवॉर्ड नाइट में एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी एक ऑफ शोल्डर स्टाइलिश ड्रेस में पहुंचीं। चमकदार ब्लैक एंड गोल्डेन कलर की लॉन्ग स्कर्ट में अदिति बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने एक स्लीक बन और बोल्ड इयररिंग्स के साथ अपने लुक को कंपलीट किया।

### अलाया एफ का हॉट लुक

अभिनेत्री अलाया एफ भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं। अलाया एक स्टाइलिश ड्रेस में बेहद हॉट नजर आईं। अलाया सिल्वर कलर के स्टाइलिश टॉप और ब्लैक कलर की स्टाइलिश लॉन्ग कट वाली स्कर्ट में रेड कार्पेट पर उतरीं।

## खबर संक्षेप



### कुलदीप सिंह तंवर बने एसएमसी प्रधान

**महेंद्रगढ़।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार मंगलवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना में प्राचार्य धर्मवीर सिंह व सरपंच पंकज हिंदू की अध्यक्षता में सांझी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों अभिभावक, ग्रामीण, समाजसेवी व समस्त स्कूल स्टॉफ शामिल रहा। इस दौरान सर्वसम्मति से कुलदीप सिंह तंवर को एसएमसी प्रधान व बबीता देवी को उपप्रधान चुना गया।

### पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई

**महेंद्रगढ़।** राव जयराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें निदेशक सुरेंद्र यादव, प्रधानाचार्य नरेंद्र यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। निदेशक सुरेंद्र यादव एवं प्रधानाचार्य नरेंद्र यादव ने नेहरू के चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### खातोद गांव में निकाली जागरूकता रैली

**महेंद्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मंगलवार को महेंद्रगढ़ खंड के गांव खातोद में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागृति रथ यात्रा निकाली गई। गांवों का लिंगानुपात सुधारने के लिए विशेष पहल चलाई गई है। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत हर्षिता का जन्मदिन, माता की गोद भराई, गांव की स्कूल की टॉपर लड़की व माताओं को सरपंच उमेश देवी ने सम्मानित किया।



### राजकीय विद्यालय में हुआ सम्मान समारोह

**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानिया में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य विनोद कुमार व मंच संचालन संस्कृत प्रवक्ता सत्येंद्र व मास्टर ईश्वर सिंह ने किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक मुख्यातिथि एवं हरियाणा राजकीय संस्कृत अध्यापक संघ जिला प्रधान रोहताश शास्त्री विशिष्ट अतिथि रहे। प्राचार्य विनोद कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित परीक्षा बवानियां विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है।

22वें शनिदेव जन्मोत्सव पर जागरण व भंडारे का आयोजन

# 'हे सूर्यपुत्र, हे शनिदेव हम आए द्वार तिहारे पूर्ण करो काज हमारे' गीत से गुणगान

मंगलवार को शनिदेव की भव्य शोभायात्रा व 251 कलश यात्रा गाजे बाजे से शहर के मुख्य बाजारों से निकाली गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर में दो दिवसीय शनिदेव जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। सोमवार को मौहल्ला कानोड़िया स्थित शनिदेव मंदिर में सुबह हवन यज्ञ व रात्रि में जागरण का आयोजन हुआ। मंगलवार को शनिदेव की भव्य शोभायात्रा व 251 कलश यात्रा गाजे-बाजे से शहर के मुख्य बाजारों से निकाली गई, जो मौहल्ला कानोडिया स्थित शनिदेव मंदिर से चलकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस मंदिर प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुई।

प्रचंड गर्मी को देखते हुए सब्जी मंडी रोड पर शीतल जल की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि आम आदमी पार्टी से डॉ. मनीष यादव मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नवीन राव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मंडल प्रधान सुरेंद्र बंटी का जागरण में पहुंचने पर मंदिर कमेटी ने जोरदार स्वागत किया। सुरेंद्र बंटी ने शनिदेव की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि शनिदेव सभी के कष्टों को हरने वाले देवता है। शनिदेव ही एक ऐसे देव हैं, जो सभी का बराबर न्याय करते हैं। सुरेंद्र बंटी को मंदिर कमेटी ने शनिदेव के मंदिर का पुनः जीर्णोधार करने के लिए बोला गया तो उन्होंने तुरंत ही घोषणा कर दी कि इस मंदिर का एक महीने में काम शुरू करवा दिया जाएगा। जागरण में स्थानीय कलाकार सतीश श्रवण ने गणेश वंदना मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे, भोले बाबा की आंखों के तारे... गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। राम नाम जपते है मस्ती में रहते है, देव है सबसे निराला इसे कहते है बजरंग बाला गाकर हनुमान जी महाराज का गुणगान किया। हे सूर्य पुत्र हे शनिदेव हम आए द्वार तिहारे, पूर्ण करो काज हमारे गाकर शनिदेव का गुणगान किया। शनिदेव सा निराला कोई नहीं है, सबका न्याय करने वाला कोई ओर नहीं हैं।

शनि को सात सवारी, सातों को महिमा भारी, करनी का फल देने को आते है शनि बलहारी गाकर शनि की महिमा का गुणगान किया। महेंद्रगढ़ से आए गायक संजू सैनी ने तेरे दरबार में सर झुकाता रहूं, तू बुलाता रहे और मैं आता रहूं... गाकर हनुमानजी को याद कर उनका गुणगान किया। ताली बाजण दे, ओ ताली बाजण दे, जम के ताली बाजण दे, मैं जम के नाचूं, आज मन्ने तू नाचण दे, बाजण दे, बाजण दे, बाजण दे गाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। रेवाड़ी से आए कलाकार सचिन गंगाहेड़ी द्वारा गाए भजन कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम, मेरी राम जी से कह देना जय सियाराम शिंगणापुर जाऊंगी सखी, शनिदेव की महिमा गाउंगी सखी। कलाकार पंकज यदुवंशी ने दुनिया में देव हजारों है, बजरंग बली का क्या कहना, दिल में शनि के नाम की ज्योति जलाकर देख, आयेंगे शनिदेव जी दिल से बुलाकर देख। शनिदेव की शोभायात्रा के बाद मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें अनेक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।





**महेंद्रगढ़।** शहर में शोभायात्रा के दौरान शनिदेव की वेशभूषा में कलाकार। व महेंद्रगढ़। जागरण में अपनी प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मंदिर पुजारी ज्योतिष सुभाष घोसी, हरिकिशन रोहिल्ला, राहुल रोहिल्ला, वेदप्रकाश सैनी, विजय अरोड़ा, विनीत पंसारी, राजेश सैनी, विजय शर्मा, बजरंग शर्मा, रोशन, महेंद्र, सोनू सैनी, मोनू रोहिल्ला सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



मंडी अटेली। श्री शनिदेव धाम फतेहपुर में जागरण में भाग लेते श्रद्धालु।

## श्री शनिदेव धाम फतेहपुर में जागरण व भंडारा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर स्थित श्री शनिदेव धाम फतेहपुर में जागरण व भंडारा हुआ। जागरण में बड़ी संख्या में नर-नारी तथा छोटे बच्चे उपस्थित होकर धाम पर पूजा अर्चना की। पुजारी अजीत, अजय भृगुवंशी ने अपने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया तथा मीडिया प्रभारी राकेश पेंटर ने आने वाले अतिथियों का अभिनंदन किया। नारनौल से आए गायक कलाकार रोहन सैनी ने श्री गणेश भगवान की स्तुति करके जागरण शुरू किया, जिसमें सभी देव–देवियों का आह्वान किया। शनि वंदना में भजन के बोल तिल तेल चढ़ाने से हर काम होता है शनिदेव को खुश करना आसान होता है, कर ले भजन दिल से शनिदेव का जिसको भरोसा है छाया के दुलारे का दुनिया में शोर है इनका बनवारी। जीतू पागल, चिराग जांगड़ा, दिनेश रोहिल्ला, विकास जांगड़ा आदि प्रसिद्ध गायक कलाकारों ने शिव, बालाजी, दुर्गा व श्याम आदि देव व देवियों का सुन्दर प्रस्तुतिकरण किया। जिनमें भक्तगण खुशी से नाचने लगे आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया। राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती की सुन्दर झाकियां भी निकाली गई। मंच संचालन अमित गोयल ने किया। मन्दिर मीडिया प्रभारी राकेश पेंटर ने बकहा कि आसपास के गांवों के हजारों भक्तों ने पृथ्वी लोक के न्यायाधीश नियुक्त शनिदेव महाराज के जन्मोत्सव पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### पुण्य कार्यों से मिलती है आत्म संतुष्टिः भूपेंद्र सिंह

**मंडी अटेली।** मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली में मंगलवार को प्रमुख समाजसेवी चौधरी भूपेंद्र सिंह तोबड़ा ने विद्यालय में 150 लीटर क्षमता का वाटर कूलर भेंट किया। स्कूल को वाटर कूलर भेंट करते हुए चौधरी भूपेंद्र सिंह तोबड़ा ने कहा कि दान करना एक सुखद अनुभूति है, जो हमें दूसरों की मदद करने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करती है। जब हम निस्वार्थ भाव से दान करते हैं तो हमारे मन को आत्म संतुष्टि मिलती है। इसलिए हमें अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान इत्यादि का पुण्य कार्य करते रहना चाहिए। प्राचार्य राकेश कुमार ने चौधरी भूपेंद्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दान विद्यालय में छात्रों के लिए सुविधाओं में सुधार करने के लिए सराहनीय कार्य है।

## विजय इंटरनेशनल स्कूल में इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** विजय इंटरनेशनल स्कूल में इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक से लेकर आठवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक भूमिका संरक्षक महेंद्र सिंह ने निभाई। उन्होंने बताया कि बच्चों की मेहनत को देखते हुए किसी को भी कम नहीं नापा जा सकता, सभी बच्चों ने सुंदर-सुंदर लिखाई में लेख लिखे हैं, जिसकी वजह से इतने बच्चों में से कुछ बच्चों को प्रथम या द्वितीय स्थान के लिए निकालना सबसे कठिन कार्य है। प्रिंसिपल नत्थू सिंह ने बताया कि देवांश, स्नेहा, लवी, जतिन, मानवी, आर्यान्ज जया, दक्षित, हिमांशी, ईशु, नैतिक, ईशा, अंशु, दिव्या, हर्षल, अश्मी, इशू, मयंक, प्रतिष्ठा, भूमिका, ईशु, लोकेश, पल्लवी ने अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता छात्रों को अपने विचारों को व्यक्त करने और अपनी लेखन क्षमताओं को सुधारने का अवसर प्रदान करती है। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने बताया कि कैलीग्राफी एक दृश्य कला है जो अक्षरों को कलात्मक और सुंदर तरीके से लिखने से संबंधित है। यह लेखन कला में अक्षरों को एक विशिष्ट शैली में सजाने की कला है।



**महेंद्रगढ़।** विजय चिह्न बनाकर खुश जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## एसडी स्कूल में समर कैंप आयोजित

- पांच दिवसीय समर कैंप के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने व्यक्तित्व विकास व नृत्य कला में हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में शुरू किए गए पांच दिवसीय समर कैंप के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने व्यक्तित्व विकास व नृत्य कला में हिस्सा लिया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि स्कूल परिसर में आयोजित इस कैंप में प्राइमरी कक्षा तक आए विद्यार्थी उत्साहित थे। उन्होंने बताया कि इस कैंप के आयोजन से विद्यार्थियों में विभिन्न प्रतिभा को तराशना है। इस मौके पर सीईओ आरएस सादव, स्नेह यादव, प्रियंका यादव, ईश्वर सिंह, जोगेन्द्र सिंह, संजय कुमार उपस्थित थे।



**कनीना।** एसडी स्कूल में आयोजित समर कैंप में हिस्सा लेते विद्याथी।



महेंद्रगढ़। पार्टी में एन्जॉय करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बीआर स्कूल सेहलंग में विद्यार्थियों के लिए समर पार्टी का ओजन

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में कक्षा तीसरी से पांचवी के विद्यार्थियों के लिए समर पार्टी का आयोजन किया गया। इस पार्टी का आयोजन ज्योति भारद्वाज की देख रेख में किया गया। समर पार्टी का मुख्य उद्देश्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों से पहले एक मजेदार और आरामदायक अनुभव प्रदान करना था। पार्टी में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनका दिन मस्ती और सीखने से भरपूर रहा। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के इंडोर खेलों का आनंद लिया, जिससे उनकी टीम भावना और रणनीतिक सोच विकसित हुई। एक आरामदायक सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी पसंदीदा फिल्में देखीं, जो उनके लिए एक सुखद अनुभव था। गर्मी से राहत पाने के लिए विद्यार्थियों ने पानी में खूब मस्ती की।

## बीआर विद्यालय में जनसंख्या विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था क्या जनसंख्या वृद्धि विकास में बाधा है, यह प्रतियोगिता राजनीति विज्ञान प्रवक्ता जितेंद्र यादव एवं निर्मला यादव के निर्देशन में की गई। प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विषय के पक्ष और विपक्ष में तर्कपूर्ण एवं तथ्यात्मक रूप से अपने विचार प्रस्तुत किए। पक्ष में बोलने वाले छात्रों ने जनसंख्या वृद्धि को बेरोजगारी, खाद्यान्न संकट, पर्यावरणीय असंतुलन, स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव और संसाधनों की कमी से जोड़ते हुए इसे देश के विकास में बड़ी बाधा बताया। उन्होंने कहा कि यदि जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो आने वाले वर्षों में भारत के लिए आर्थिक और सामाजिक समस्याएं और भी गंभीर हो जाएंगी। वहीं विपक्ष में बोलने वाले छात्रों ने जनसंख्या को देश की ताकत बताते हुए इसे मानव संसाधन के रूप में देखा। प्रधानाचार्य रामवीर यादव ने छात्रों से आग्रह किया कि वे जनसंख्या जैसे ज्वलंत मुद्दों को समझें और समाज में जागरूकता फैलाएं। प्रतियोगिता का संचालन सुदृढ़ एवं अनुशासित ढंग से किया गया और अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



**महेंद्रगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि

महेंद्रगढ़। यदुवंशी स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नेहरू के विचारों से प्रेरित करना और उनके जीवन से सीख लेने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने उनके जीवन और आदर्शों पर आधारित भाषण, कविता पाठ, नाटक और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के गीतों और छात्रों की मुस्कान से गूंज उठा। प्राचार्य पवन कुमार ने बताया कि नेहरू को बच्चों से विशेष स्नेह था। उनका मानना था कि बच्चे देश का भविष्य है और उनके समुचित विकास से ही देश प्रगति कर सकता है। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि पंडित नेहरू केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचारक, शिक्षाविद्व और बच्चों के प्रति अत्यंत स्नेह रखने वाले महान नेता थे। उनका सपना था-एक ऐसा भारत जहां हर बच्चा शिक्षित हो, हर युवा स्वावलंबी हो और हर नागरिक गर्व से सिर उठाकर चल सके। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव व फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने भी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

हकेंवि में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए आनलाइन पंजीकरण शुरू

*42 स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में 1447 सीटें उपलब्ध*

# कुलपति ने पोर्टल का किया शुभारंभ, 23 जून तक चलेगी आनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिला प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) पीजी 2025 के नतीजे घोषित होने के बाद विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया अगले चरण में पहुंच गई है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने मंगलवार को स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए आनलाइन पंजीकरण के लिए पोर्टल की शुरूआत की।

इस दौरान प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रवेश परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय देशभर के अभ्यर्थियों का स्वागत करता है और उनके बेहतर भविष्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. तेजपाल ढेवा, डॉ. जसवंत कुमार, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, सुमित कुमार, अमित यादव उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय में सीयूईटी-2025 के नोडल आफिसर डॉ. तेजपाल ढ़ेवा ने बताया कि स्नातकोत्तर कार्यक्रम की प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित होने के पश्चात विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने के इच्छुक आवेदक प्रस्तावित कार्यक्रम, पात्रता मानदंड, पंजीकरण प्रक्रिया, महत्वपूर्ण तिथियों और अन्य संबंधित विवरणों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट देखे।



महेंद्रगढ़। हकेंवि में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण का पोर्टल का शुभारंभ करते कुलपति। फोटो : हरिभूमि

**पंजीकरण की अंतिम तिथि 23 जून**

स्नातकोत्तर कार्यक्रम में दाखिले के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 23 जून तक है। पंजीकरण की इस प्रक्रिया के बाद मेरिट लिस्ट जारी होगी और पहली काउंसलिंग की श्रेणीवार लिस्ट एक जुलाई को जारी होगी। जिसके आधार पर संबंधित कार्यक्रम में दाखिले प्रदान किए जाएंगे। डॉ. तेजपाल ढेवा ने बताया कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सीयूईटी-2025 के अंतर्गत 42 स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रम में कुल 1,447 सीटों पर प्रवेश दे रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र से एमए (हिंदू अध्ययन) में एक नया स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किया है।

## किसान नेता दिनकर बोहरा का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**महेंद्रगढ़।** किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष रहे दिनकर बोहरा का मंगलवार को निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे। मंगलवार को मोदाश्रम स्वर्ग आश्रम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दिनकर बोहरा ने किसानों की जमीन को रिलीज करवाने के लिए 347 दिन लंबा आंदोलन किया था, जिसकी वजह से वे किसानों के बीच एक मजबूत नेता के रूप में पहचाने जाते थे। वे श्री गौड़ सभा नारनौल के उपाध्यक्ष, श्री रामलीला परिषद के प्रधान और बाबा विजयानंद ब्रह्मचारी आश्रम के प्रधान पद पर भी कार्य कर चुके थे। इसके अलावा वे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य भी रहे। समाज और धर्म के क्षेत्र में दिनकर बोहरा का हमेशा अग्रणी योगदान रहा। नगर की सभी सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं में वे सक्रिय रूप से सहयोग करते थे, जिससे उन्हें क्षेत्र में विशेष सम्मान प्राप्त था। पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा भी उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए और श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और लोग उन्हें एक संघर्षशील, सामाजिक और समर्पित व्यक्तित्व के रूप में याद कर रहे हैं।



**सूचना**

मैं, महक पुत्री श्री अनिल कुमार गांव कनीना वार्ड-07, पोस्ट ऑफिस कनीना, तहसील कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ बयान करती हूं कि बचपन में मुझे महिमा के नाम से जाना जाता था लेकिन बाद में मेरा नाम बदलकर महक कर दिया गया। अब मुझे महक के नाम से जाना जाता है। महक और महिमा दोनों नाम मेरे ही हैं।

## खबर संक्षेप



### बाईपास पर लगाई मीठे पानी की छबील

**नारनौल।** युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा के सदस्यों ने मंगलवार को बाईपास रोड पर राहगीरों के लिए मीठे पानी की छबील लगाई। जिसने भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत प्रदान की। संस्था के कर्मठ सदस्य संदीप ठेकेदार ने इस पहल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह उनका एक नियमित अभियान है। उन्होंने कहा हमारी संस्था का लक्ष्य गर्मी के मौसम में जिले के अलग अलग स्थानों पर मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की सेवा करना है। इसी मुहिम के तहत मंगलवार को बाईपास रोड पर पानी की व्यवस्था की गई है।

### बाल भवन में बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर 1 से

**नारनौल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव डॉ. सुषमा गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार व उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के प्रधान डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन में सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए एक जून से 31 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान निजामपुर रोड स्थित बाल भवन में बच्चों के लिए नृत्य, पेंटिंग व पोस्टर मेकिंग तथा खेल गतिविधियों में तीरंदाजी व ताइक्वांडो प्रशिक्षण आदि की निःशुल्क कक्षाएं लगाई जाएंगी। जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के पांच से 16 वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चे सायं पांच से सात बजे तक नृत्य व पेंटिंग पोस्टर मेकिंग कक्षाओं में भाग ले सकते हैं।

### कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक किसानों से करेंगे सीधा संवाद

**महेंद्रगढ़।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 29 मई से 12 जून तक जिले के विभिन्न गांवों में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे। वैज्ञनिक किसानों की समस्या भी सुनेंगे। केंद्र वरिष्ठ संयोजक डॉ. जयलाल यादव ने बताया कि इसके लिए जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के साथ मिलकर टीमें बनाई गई हैं, जिसमें कृषि व किसान कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, पशुपालन तथा डेयरी विभाग, मत्स्य विभाग, हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र, इफको के अधिकारी व कर्मचारी संबधिंत विभागों द्वारा चलाई जा रही।

### जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन की बैठक 1 को

**नारनौल।** जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन के सचिव नरेंद्र योगी ने बताया कि एक जून प्रातः 10 बजे गुरु गोरखनाथ मंदिर प्रांगण में प्रधान प्यारेलाल योगी की अध्यक्षता में आम बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जोगी समाज के सभी गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है। बैठक के मुख्य एजेंडे छात्रावास निर्माण कार्यों की समीक्षा, प्रतिभा सम्मान समारोह व चार जुलाई का भंडारा मुख्य रहेगा।

# मुकुंदपुरा एससी बस्ती की पानी की समस्या 20 दिन में भी हल नहीं, महिलाएं पहुंचीं जिला मुख्यालय

**जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता ने नल छोड़ने वाले कर्मचारी को बदलने व पेयजल समस्या का दो दिन में समाधान कराने का दिया आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल



नारनौल। निजामपुर रोड स्थित पब्लिक हेल्थ कार्यालय पहुंची मुकुंदपुरा की महिलाएं। फोटोः हरिभूमि

गांव मुकुंदपुरा की अनुसूचित जाति बस्ती के लोग करीब 20 दिनों से भयंकर पेयजल संकट से गुजर रहे हैं और बार-बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं हो रहा। कमाल की बात है कि जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि भी इन ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकता की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे। इसी परेशानी से जूझते हुए सोमवार को गांव के अनुसूचित जाति बस्ती के लोग जागरूक ग्रामीण कंवर सिंह के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर निजामपुर रोड स्थित कार्यकारी अभियंता कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से पीने का पानी मांगा। इस पर अधिकारियों ने ग्रामीणों से दो दिन का समय मांगते हुए कहा कि वह उनके घरों तक नियमित रूप से पानी पहुंचाने की व्यवस्था जरूर करवाएंगे।

ग्रामीण कंवर सिंह, किताब, बिमला, सुनीता, सरोज, रीना, सावित्री, विद्या, कृष्णा व अनीता आदि ने बताया कि उनकी बस्ती में विभाग ने जो कर्मचारी पानी छोड़ने के लिए नौकरी पर लगा रखा है, वह नहीं आता है तथा उसकी जगह टहला गांव से कोई ओर आता है। वह व्यक्ति पूरी तरह से मनमर्जी करता है तथा उनके घरों की तरफ के वाल्व को नहीं खोलता है। पिछले करीब 20 दिनों से उनके घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। इस कारण वह लोग झुलसाती गर्मी में वाटरटैंकर से 400 रुपये अदा करके पानी मंगवाने को मजबूर हो रहे हैं। गरीब ग्रामीण यह पैसा अदा करने में असमर्थ हैं तथा उनकी रुहाई-दुहाई सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने बताया कि इस बाबत उन्होंने पंचकुला के जनस्वास्थ्य विभाग के सरकारी नंबरों पर भी शिकायत की, लेकिन जेई ने इस शिकायत का निपटान यह कहते हुए करवा दिया कि वह पानी दें रहे हैं, लेकिन उन्हें जान-बूझकर परेशान करने के लिए झूठी शिकायतें करते हैं। ग्रामीणों ने कार्यकारी अभियंता से बताया कि उनके साथ जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी घोर अन्याय कर रहे हैं तथा पीने का पानी उपलब्ध नहीं करवा रहे। ऐसे में ग्रामीण महिलांए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रही हैं। कर्मचारी सुनवाई करते नहीं और गर्मी में पानी की अधिक जरूरत रहती है। इन हालातों में वह गरीब लोग जाएं तो कहां जाए।


मुकुंदपुरा की अनुसूचित जाति बस्ती में 14 दिनों से पीने के पानी का संकट

नारनौल। गत 21 मई को प्रमुखता से प्रकाशित समाचार।

### दो दिन का समय मांगा

ग्रामीणों की बातें सुनने उपरांत अधिकारी ने एरिया के जेई से बात की तथा इनके एरिया में कोई अच्छी छवि का समझदार कर्मचारी ड्यूटी पर लगाया जाए, जो मानवीय व्यवहार जानता हो। उन्होंने यह भी कहा कि गांव में जो भी अवैध नल लगवाए हुए हैं, उनको चेक करवाया जाएगा तथा उनके घरों तक पानी पहुंचा दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें दो दिन का समय देने की आवश्यकता है।

**रेलवे स्टेशन की सुरक्षा पूर्णतया पुलिस कर्मचारियों की मुस्तैदी पर निर्भर**

# 83 साल पुराने रेलवे स्टेशन पर केवल दो कैमरे की व्यवस्था, आपराधिक वारदात का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। रेलवे स्टेशन महेंद्रगढ़। फोटो : हरिभूमि

आजादी से पहले से बना रेलवे स्टेशन रेलवे विभाग की अनदेखी का शिकार हो रहा हैं। रेलवे स्टेशन परिसर में सीसीटीवी कैमरे की कमी काफी खल रही है। करीब 83 साल पुराने रेलवे स्टेशन पर अब सीसीटीवी कैमरे लगाने की दरकार है, क्योंकि हर साल आदर्श रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। पूरे रेलवे स्टेशन परिसर में केवल दो कैमरे लगे हुए है। इतना बड़ा रेलवे स्टेशन होने के बावजूद दो सीसीटीवी कैमरे से संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी भी नहीं हो पा रही है। अगर रेलवे स्टेशन पर कोई आपराधिक वारदात हो जाए तो उसे सुलझाने के लिए यहां कोई सीसीटीवी नहीं लगा है। अगर स्टेशन पर सीसीटीवी लगे हो तो आपराधिक किस्म के लोगों में भी डर बना रहेगा कि उनकी हरकत कैमरे में कैद हो सकती है। वहीं, यात्रियों ने रेलवे से यहां सीसीटीवी लगवाने की मांग की है। बता दें कि वर्ष 1936 में रेवाड़ी-बीकानेर रेलवे लाइन के सर्वे का काम शुरू हुआ था। एक साल बाद वर्ष 1937 में सर्वे का काम पूरा हुआ। वर्ष 1940 में रेवाड़ी से बीकानेर तक मीटर गेज लाइन बिछाई गई थी तथा वर्ष 1942 में दिल्ली से बीकानेर तक पहली मीटर गेज ट्रेन का संचालन किया गया था। वहीं वर्ष 2008 में मीटर से ब्राड गेज लाइन बिछाई गई थी। इसके बाद वर्ष 2020 में रेवाड़ी से सादलपुर तक इलैक्ट्रिक लाइन बिछाने का काम शुरू किया गया था तथा वर्ष 2021 में इलैक्ट्रिक लाइन पर ट्रायल किया गया था। लेकिन आजादी से पहले बना रेलवे स्टेशन आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

### स्टेशन की अनदेखी



*दैनिक यात्री महासंघ अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने कहा कि रेलवे विभाग द्वारा महेंद्रगढ़ की अनदेखी की जा रही है। इतना पुराना रेलवे स्टेशन होने के बाद भी रेलवे स्टेशन मूलभूत सुविधाओं का अभाव हैं। करीब डेढ़ साल पहले रेलवे स्टेशन परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने को लेकर उन्होंने जयपुर जोन व बीकानेर मंडल को ज्ञापन भेज चुके है। लेकिन उनकी मांग की अनदेखा कर दिया गया। आए दिन रेलवे परिसर में यात्रियों के साथ घटनाएं होती रहती हैं। परिसर को सीसीटीवी से लैस करवाने के लिए बीकानेर मंडल व जयपुर जोन को दोबारा से जल्दी ही पत्र लिखकर अवगत करवाया जाएगा।*

### केवल दो जगह कैमरे

रेलवे स्टेशन परिसर में केवल दो सीसीटीवी कैमरे है। यह दो सीसीटीवी कैमरे टिकट घर के पास व स्टेशन मास्टर कार्यालय के पास है। इन दो कैमरे से पूरे रेलवे स्टेशन परिसर की निगरानी नहीं हो सकती है। रेलवे स्टेशन से हर रोज हजारों की संख्या से अधिक यात्री सफर करते हैं, लेकिन रेलवे स्टेशन परिसर अभी भी तीसरी आंख की सुरक्षा से वंचित है। दूसरी ओर सीसीटीवी नहीं होने से रेलवे स्टेशन की सुरक्षा पूर्णतया पुलिस कर्मचारियों की मुस्तैदी पर निर्भर है।

### आमदनी के बाद भी अनदेखी

महेंद्रगढ़ से रेलवे विभाग को प्रतिदिन एक लाख 35 हजार की आमदनी हो रहीं हैं। इतनी आमदनी देने के बाद भी रेलवे विभाग द्वारा महेंद्रगढ़ की अनेदखी की जा रहीं हैं। आज भी रेलवे स्टेशन मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। बीकानेर मंडल ने वर्ष 2015 में 15 आदर्श रेलवे स्टेशन थे। वर्तमान में अन्य रेलवे स्टेशन पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जबकि महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन सुविधाओं के लिए तरसता नजर आ रहा हैं। यात्रियों का कहना है कि बीकानेर मंडल ने राजस्थान के छोटे-छोटे स्टेशनों पर सभी प्रकार की सुविधा दे रखी है। लेकिन महेंद्रगढ़ के रेलवे स्टेशन के साथ अनदेखी की जाती है। रेलवे स्टेशन परिसर में सीसीटीवी नही होने का फायदा असामाजिक तत्व उठाते रहते हैं। अगर रेलवे परिसर में तीसरी आंख की निगरानी में रहता है, तो अपराधी भी किसी घटना को अंजाम देने से गुरेज करेगे। वही रेलवे पुलिस भी अपराधियों को आसानी से पहचान उन्हें सजा दिलवा सकेगा।



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मौजूद डीसी डॉ. विवेक भारती।

### सीएम ने वीसी के जरिए ली राज्य सूखा राहत व बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की 56वीं बैठक में पहले से स्वीकृत योजनाओं तथा कार्यों की समीक्षा की। जिला महेंद्रगढ़ की ओर से उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने इस संबंध में जिले में हुए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। वीसी के बाद अधिकारियों की बैठक में डीसी ने कहा कि स्वीकृत योजनाओं में से अल्पकालिक योजनाओं को अल्पकालिक निविदाएं आमंत्रित करके तुरंत काम शुरू किया जाए तथा यह काम समय से पहले पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ के लिए कम अवधि के सभी कार्य जल्द पूरा कराएं। इस मौके पर नगराधीश मंजीत कुमार, सिंचाई विभाग के एसई राजेश कुमार, एक्सईएन आशुतोष यादव, नितिन कुमार, प्रमोद कुमार, संदीप कुमार व जनस्वास्थ्य विभाग के एसई एसपी जोशी आदि मौजूद थे।

# इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम का शिक्षकों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

सीबीएसई की ओर से आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें धीरेंद्र सिंह, राकेश कुमार मुख्यवक्ता रहे। इस गुरु दक्षता कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण विधियों और तकनीकों से परिचित कराना और उनकी शिक्षण क्षमताओं में सुधार करना रहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन को लेकर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में शिक्षकों को बताया तथा आयोजित कार्यशाला का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मुख्यवक्ता धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा को रूचिकर बनाने में टीचर्स की सक्रिय भागीदारी पर चर्चा की जिसमें सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार साझा किए। वर्कशॉप में यह संदेश दिया कि एनईपी 2020 देश के शिक्षा तंत्र को रूपांतरित कर सकता है। उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से एनईपी 2020 के प्रभाव को स्पष्ट किया। शिक्षकों ने महसूस किया कि इस नई नीति से शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। ऊजार्वान अंत तक ने सभी प्रतिभागियों को जोड़ रखा।

# स्वयंसेवा की भावना से विकसित विद्यार्थी राष्ट्र को संगठित करने में होते हैं सक्षमः अमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। सरस्वती पब्लिक स्कूल में एनएसएस कैडेटों को प्रमाण पत्र वितरित करते एमडी अमित यादव।

शैक्षणिक डिग्री हासिल करना ही संपूर्ण शिक्षा नहीं होती, समाजिक अनुभव तथा राष्ट्रसेवा की भावना विकसित होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों में स्वयं सेवा करने की प्रतिस्पर्धा जागृत करना शिक्षकों का नैतिक दायित्व है, जिससे समाज और राष्ट्र को संगठित होने में मदद मिलेगी। उक्त विचार सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास के प्रबंधक निदेशक अमित यादव ने एनएसएस कैडेटों के प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों को खत्म नहीं किया जा सकता और ना ही स्वच्छ भारत का निर्माण हो सकता है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक में सेवा भावना का विकास होना अनिवार्य है। युवाओं को स्वयंसेवी बनाने के मकसद से सरकार ने 24 सितंबर 1969 राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना क्रियाविंत की थी।

### जल के दुरुपयोग रोकने को घर-घर चलेगा अभियान



सतनाली मंडी। बैठक में जानकारी देती खंड संसाधन संयोजक पूजा रानी। फोटो : हरिभूमि

**सतनाली मंडी।** जल जागरूकता अभियान के तहत सतनाली के वाटर बूस्टर-1 परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सतनाली सरपंच प्रतिनिधि धर्मबीर गोठवाल सहित ऑपरेटर उपस्थित रहे। यह जानकारी देते हुए ऑपरेटर यूनियन ब्लॉक प्रधान बीरसिंह शेखावत ने बताया कि बैठक में खंड संसाधन संयोजक पूजा रानी ने जल के दुरूपयोग को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने पानी के दुरूपयोग को रोकने व अवैध कनेक्शन काटने व टैप लगवाने के बारे में बताया। इस मौके पर टीमों का गठन किया गया, जो नियमित रूप से घर-घर जाकर निरीक्षण करेंगी और व्यर्थ पानी बहाने वालों पर कार्रवाई करेंगी। आवश्यक होने पर अवैध कनेक्शन को कमर्शियल श्रेणी में बदला जाएगा।

# सरस्वती स्कूल में 40 विद्यार्थियों का स्वयंसेवक संगठन गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नांगल चौधरी



स्वयंसेवक संगठन के लिए पंजीकरण कराते सरस्वती स्कूल के विद्यार्थी।

सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्या वंदना यादव की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसायटी के साथ विद्यार्थियों की बैठक हुई। जिसमें रेडक्रॉस सोसायटी के ब्रिगेड अधिकारी प्रदीप कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने 40 विद्यार्थियों का स्वयंसेवक संगठन बनाया, जिसे रक्तदान के लिए जागरूकता अभियान चलाने की जिम्मेवारी सौंपी। उन्होंने कहा कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एक स्वैच्छिक मानवतावादी संगठन है, जो मानवीय पीड़ा को कम करने और शांति स्थापित करने के लिए काम करता है। इसका मुख्य उद्देश्य युद्ध और आपदा के समय में राहत प्रदान करनाए स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून को बढ़ावा देना है। महामारी, भूकंप, अकाल, बाढ़ और अन्य आपदाओं के समय पीड़ित लोगों को राहत प्रदान करने में संस्था अग्रणी भूमिका निभाती है।



- डीसी-एसपी ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं
- विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को दी सेवाएं

नारनौल। रात्रि ठहराव में नागरिकों की समस्याएं सुनते डीसी डॉ. विवेक भारती।

## गोलवा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन

**निजामपुर।** मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ ने मंगलवार को जिला के आखिरी गांव गोलवा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उपायुक्त डॉ विवेक भारती तथा पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने ग्रामीणों के साथ सीधे संवाद किया तथा समस्याएं सुनीं। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की सांस्कृतिक टीमों ने रागिनियों के माध्यम से सरकार की नीतियों की जानकारी दी। इस मौके पर जिला प्रशासन तथा ग्रामीणों के बीच एक वालीबॉल मैत्रीपूर्ण मैच का आयोजन भी किया गया। इससे पहले विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं तथा सेवाओं से लाभान्वित किया। इस मौके पर आयुष तथा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांच की तथा नागरिकों को मुफ्त में दवाइयां वितरित की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन का मकसद है कि ग्रामीण सरकार की योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाएं। गांव गोलवा के सरपंच प्रकाश सिंह ने अधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर नांगल चौधरी के एसडीएम मनोज कुमार, नगराधीश मंजीत कुमार, सीएमओ डॉ अशोक कुमार, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल तथा बीडीपीओ नवदीप सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

**अतरलाल ने अटेली न्याय यात्रा के दौरान गांवों में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं**

# बसपा नेता ने की 152 डी पर वाहनों के लिए कट खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल



नारनौल। न्याय यात्रा के दौरान ग्रामीणों की समस्या सुनते बसपा नेता अतरलाल। फोटो : हरिभूमि

बहुजन समाज पार्टी के नेता समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से महेन्द्रगढ़ जिला से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी पर जाट गुहाना, दुबलाना टोल प्लाजा के पास तथा सेहलंग बाघोत गांव के बीच में वाहनों के चढ़ने उतरने के लिए कट खोलने की मांग की है। अतरलाल ने अटेली न्याय यात्रा के दौरान सागरपुर, भोड़ी, तिगरा व खोड़ गांवों में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए उक्त मांग उठाई।

उन्होंने कहा कि दोनों जगह कट की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बेमियादी धरना दिया था, तब केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने दो महीने में कट का कार्य शुरू करवाने का वादा कर धरना हटाने की अपील की थी। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी पंचगांवा की रैली में कट बनवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कट का कार्य शुरू नहीं हुआ है। जिसके कारण इलाके के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि एक महीने के अंदर दोनों जगह पर कट का कार्य शुरू नहीं हुआ तो फिर से बेमियादी धरना व आंदोलन करेंगे।

बसपा नेता अतरलाल की ओर से अटेली हलके से हो रहे भेदभाव के खिलाफ निकाली जा रही अटेली न्याय यात्रा का उक्त गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने समर्थन किया। तिगरा गांव में लोगों ने गांव की गलियों में जनभराव की समस्या से ग्रामीणों को हो रही परेशानी से अतरलाल को अवगत करवाया। खोड़ के ग्रामीणों ने गांव के धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व के बारे में बताते हुए खोड़ गांव को पर्यटन गांव घोषित करने की मांग की। अतरलाल ने मांगों को जायज बताते हुए जिला प्रशासन व सरकार से समाधान करने की मांग की। इस मौके पर शक्ति, सोमबीर, हरिओम, कृष्ण कुमार, सुबेसिंह सरपंच, ओमप्रकाश, दीपक, यशवंत, मदनलाल जांगड़ा, कुलदीप, गोविंद, सतीश, पवन, अशोक चौहान, निरंजन, रणधीर, रामप्रसाद, कुलदीप सिंह, बजरंग सिंह, केशव, नसीब सिंह, धीरज शास्त्री, विकास, विक्रांत, मनीष, सतबीर आदि उपस्थित थे।